फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री हेमन्त सिंह मोजावत आर.टी.आई. कार्यकर्ता, रक्ततलाई, खमनोर तहसील रेलमगरा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 17/2022**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 25.04.2022 पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी–उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी– उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा द्वारा जरिये कमांकः सू.अ. 05/2022/17 दिनांक 20.02.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना प्रार्थी को पत्रांकः समान्य/सू.अ./2022/12 दिनांक 10.03.2022 को उपलब्ध करवादी गई है। अपीलार्थी को उपलब्ध करवाई गई सूचना दिनांक 19.04.2022 को पुनः रजिस्टर्ड डाक से भिजवाई गई है। सूचना की छाया प्रति, भारतीय डाक विभाग के माध्यम से दिनांक 19.04.2022 को सूचना रजिस्टर्ड भिजवाई गई, उसकी रसीद की प्रति लोक सूचना अधिकारी–उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा द्वारा जरिये ई–मेल से इस कार्यालय को भिजवाई गई है। लोक सूचना अधिकारी– उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी– उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा की क्रमांक सू.अ.05/2022/17 दिनांक 20.02.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना प्रार्थी को पत्रांकः समान्य/सू.अ./2022/12 दिनांक 10.03.2022 को उपलब्ध करवादी गई है। अपीलार्थी को उपलब्ध करवाई गई सूचना दिनांक 19.04.2022 को पुनः रजिस्टर्ड डाक से भिजवादी जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है । निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी–उपखण्ड अधिकारी, नाथद्वारा को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

कार्यालय जिला कलक्टर